कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
कोच्ची - 682015
(कार्मिक एवं प्रशासन विभाग)

सं. पीएण्डए/18 (204)/2018 खंड II (ए)                                                                 17 अक्तूबर 2019

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, भारत सरकार का एक सूचीबद्ध प्रीमियर मिनिरत्न कंपनी, **सीएसएल मुंबई पोत मरम्मत यूनिट (सीएमएसआरयू), मुंबई** केलिए योग्यता अपेक्षाएं रखने वाले उम्मीदवारों से निम्नलिखित पर्यवेक्षी पदों को भरने के लिए **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है।

**क. पद का नाम, शैक्षिक योग्यता और अनुभव** :

| क्र. सं. | पद का नाम, ग्रेड, रिक्तियों की संख्या और आरक्षण | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| 1 | सहायक इंजीनियर (मेकानिकल)<br><br>(1 पद- अनारक्षित) | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मेकानिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा या भूतपूर्व सैनिकों के मामले में समतुल्य योग्यता। शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या भारी इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थान में मेकानिकल इंजीनियरिंग कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, उपर्युक्त अनुभव में से दो वर्ष का अनुभव पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए। |
| 2 | सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)<br><br>(1 पद- अनारक्षित) | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा या भूतपूर्व सैनिकों के मामले में समतुल्य योग्यता। शिपयार्ड/ डॉकयार्ड या भारी इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थान में इलेक्ट्रिकल कार्यों में सात वर्ष का अनुभव, उपर्युक्त अनुभव में से दो वर्ष का अनुभव पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए।<br>**या**<br>शिपयार्ड / डॉकयार्ड या भारी इंजीनियरिंग कंपनी या सरकारी संस्थान में इलेक्ट्रिकल कार्यों में 22 साल के अनुभव के साथ इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आईटीआई (एनटीसी) प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) । |
| 3 | सहायक इंजीनियर (आयुध)<br><br>(1 पद- अनारक्षित) | राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मेकानिकल/ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा या भूतपूर्व सैनिकों के मामले में समतुल्य योग्यता। भारतीय नौसेना/ पोत निर्माण/ पोत मरम्मत/ इंजीनियरिंग कंपनियों के नौसेना पोतों पर मशीनरी, संचार, सेन्सर्स और युद्ध प्रबंधन प्रणाली से संबंधित आयुधों की संस्थापन, अनुरक्षण, मरम्मत, ट्रायल्स, और कमीशनिंग के क्षेत्रों में न्यूनतम सात वर्षों का अनुभव, जिनमें से दो वर्ष का अनुभव पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए। |
| 4 | सहायक अग्निशमन अधिकारी<br><br>(1 पद- अनारक्षित) | एसएसएलसी में उत्तीर्ण और नेशनल फायर सर्विस कॉलेज, नागपुर से उप अधिकारी पाठ्यक्रम या समतुल्य परीक्षा में उत्तीर्ण। मलयालम में ज्ञान वांछनीय है। एक शिपयार्ड से अग्निशमन और संबद्धी प्रचालन में सात वर्ष का अनुभव। |
| 5 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी<br><br>(2 पद- अनारक्षित) | कला/ विज्ञान/ वाणिज्य में उपाधि या राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से वाणिज्यिक कार्य/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 60% अंक के साथ डिप्लोमा में उत्तीर्ण। शिपयार्ड/ भारी इंजीनियरिंग कंपनी में कार्यालय काम, ईआरपी प्रणाली अद्यतन, श्रम घंटा बुकिंग, डाटा प्रविष्टि, रिकॉर्ड एवं रिपोर्ट की तैयारी, फाइलों, पंजियों और अभिलेखों का अनुरक्षण में सात वर्ष का अनुभव, उपर्युक्त अनुभव में से दो वर्ष का अनुभव पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए और कंप्यूटर में जानकारी होनी चाहिए। |

| क्र. सं. | पद का नाम, ग्रेड, रिक्तियों की संख्या और आरक्षण | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| 6 | लेखाकार<br><br>(2 पद- अनारक्षित) | एमकोम के साथ स्नातक और सरकारी विभाग/सार्वजनिक या निजी क्षेत्र उपक्रम में वित्त/ लेखाकरण में सात सालों का अनुभव<br>**या**<br>सरकारी विभाग/ सार्वजनिक या निजी क्षेत्र उपक्रम में वित्त/ लेखाकरण में पाँच सालों का अनुभव सहित सीए/ सीएमए इंटरमीडिएट परीक्षा में पास होने के साथ स्नातक।<br>उपर्युक्त अनुभव में से दो वर्ष का अनुभव पर्यवेक्षी ग्रेड में होना चाहिए। कंप्यूटरीकृत पर्यावरण में काम करने का अनुभव एक अतिरिक्त योग्यता होगी। |

**ख. वेतनमान, लाभ और तैनाती**

क) सभी पद पीएस1 ग्रेड के है। कार्यपालक मूल वेतन के अलावा जैसा लागू औद्योगिक महंगाई भत्ता, मूल वेतन के 24% की दर पर मकान किराया भत्ता, मूल वेतन के 35% तक परिलब्धियां, अंशदायी भविष्य निधि योजना, दुर्घटना बीमा संरक्षण, अंशदायी चिकित्सा बीमा नीति के अंतर्गत चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति, छुट्टी नकदीकरण, कार्य-निष्पादन भुगतान आदि केलिए पात्र है। निम्नलिखित सारणी, तिथि पर मापनी के न्यूनतम पर सी टी सी सूचित करता है:

| ग्रेड | वेतनमान | सीटीसी (लगभग) |
|---|---|---|
| पीएस -I | ₹ 28000-3%-110000 | ₹ 7.7 लाख |

ख) सभी पदों केलिए, सीएसएल द्वारा वांछितानुसार तैनाती, सीएसएल मुंबई पोत मरम्मत यूनिट (सीएमएसआरयू)/ सीएसएल यूनिट के अन्य कोई/ परियोजना साइटों में होगी। सभी उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल होना चाहिए और मराठी/ हिंदी में संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।

**ग. आयु**

**क) पदों केलिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा दि. 18 नवंबर 2019 के अनुसार 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।** बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) केलिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

ख) दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू व कश्मीर में निवास स्थान रहे उम्मीदवारों केलिए आयु में 5 वर्ष की छूट लागू है। भूतपूर्व सैनिकों केलिए आयु में छूट भारत सरकार के मार्ग निर्देशों के अनुसार दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों केलिए आयु में छूट भारत सरकार के दिशा- निर्देशों के अनुसार होगी, जिसकी गणना वास्तविक उम्र से सैन्य सेवा की अवधि घटाकर और तीन वर्ष की अवधि को जोडकर, अधिकतम 45 वर्ष के अधीन की जाएगी।

**घ. चयन की रीति :**

क) अधिसूचित पद केलिए चयन की रीति में, **चरण I** में **वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा (70 अंक)** और **चरण II** में **विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा (30 अंक)** की होगी। ऑनलाइन आवेदनों की संख्या के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा ऑनलाइन/ ऑफलाइन के माध्यम से होगा।

ख) चरण I में, वस्तुनिष्ठ प्रकार परीक्षा केलिए प्रश्न पत्र 75 **मिनिट तक** है और इसके दो भाग है- सामान्य (भाग क) और शाखा संबंधित (भाग ख) । भाग क में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, तर्क और मात्रात्मक योग्यता शामिल हैं। प्रश्न पत्र के पैटर्न, प्रश्नों की संख्या और अंकों का आंबटन नीचे दिया जाता है:

| प्रत्येक भागों में प्रश्नों की संख्या/ प्रति भाग अंक * | | | | | वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा केलिए कुल प्रश्न/ अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य ज्ञान | सामान्य अंग्रेजी | तर्क | मात्रात्मक योग्यता | शाखा संबंधी * * | |
| 5 | 5 | 5 | 5 | 50 | 70 |

* हर एक प्रश्न केलिए एक अंक होगा। नेगटीव अंक नहीं होगा।

**भाग क और भाग ख केलिए पाठ्यक्रम अलग से प्रकाशित किया जाएगा।

ग) ऑनलाइन आवेदन की संख्या के आधार पर, चयन की प्रक्रिया कोच्ची में /केरल / महाराष्ट्र के अन्य कोई स्थान में आयोजित की जाएगी।

घ) चरण -I वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर शाखा- वार मेरिट सूची तैयार की जाएगी। अगर एक से अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त होता है तो, वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा के विषय भाग में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची के क्रम को निर्धारित किया जाएगा। इसके बाद टाई के मामले में, उम्र की वरिष्ठता के आधार पर संबंधित योग्यता तय किया जाएगा।

ङ) चरण II (विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा) से पहले प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए, मेरिट/ पदों के आरक्षण के क्रम में चरण –I वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर प्रत्येक पद केलिए 1:6 अनुपात में उम्मीदवारों को लघुसूचीगत किया जाएगा ।

च) हालांकि सीएसएल को प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए उम्मीदवारों को लघु सूचीगत करने के उद्देश्य से वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा केलिए न्यूनतम अंक तय करने का अधिकार है और ऐसे मामलों में, लघु सूचीगत का अनुपात 1:6 से कम हो सकता है।

छ) केवल वे आवेदक जो प्रमाणपत्र सत्यापन को सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, को चरण II (विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा) में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी ।

ज) उम्मीदवारों द्वारा चरण I और चरण II दोनें में प्राप्त अंकों के आधार पर संबंधित पदों/ श्रेणियों केलिए अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

## ङ. शर्तें

### क) आरक्षण:

(i) अजा/ अजजा/अपिव/अपिव(अल्पसंख्यक) /ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों केलिए लागू आरक्षण पर भारत सरकार के निदेशों को योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन लागू करेंगे । अधिकतम आयु सीमा उनके लिए लागू नहीं है।

(ii) पीडब्ल्यूबीडी व्यक्तियों के मामले में अशक्तता की मात्रा न्यूनतम 40% होना चाहिए। उम्मीदवारों के पास अशक्तता के प्रमाण में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकरण से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त *वैध अशक्तता प्रमाणपत्र* होना चाहिए।

ख. **<u>पदों केलिए बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) केलिए शारीरिक योग्यता :</u>**

| क्र.सं | पद का नाम | बैचमार्क दिव्यांगजन की श्रेणी (पीडब्ल्यूबीडी) | शारीरिक आवश्यकताएं |
|---|---|---|---|
| (i) | सहायक इंजीनियर (मेकानिकल) | ओए, ओएल, एचएच | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, केसी, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, एच, सी |
| (ii) | सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | ओएल, एच | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, पीपी, केसी, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, सी |
| (iii) | सहायक इंजीनियर (आयुध) | एचएच | एस, बीएन, एसई, आरडब्ल्यू, सी, एमएफ, एसटी, डब्ल्यू, केसी, एल |
| (iv) | सहायक अगिनशमन अधिकारी | एचएच | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एल, केसी, पीपी, एमएफ, एसई |
| (v) | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | ओएल, ओए, बीएल, ओएएल, बी, एलवी, एचएच | एस, एसटी, डब्ल्यू, एसई, आरडब्ल्यू, एच, सी |
| (vi) | लेखाकार | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, एचएच | एस, एसटी, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, सी |

**संक्षेप में उपयुक्त**: एस- बैठना, एसटी- खड़ा होना, डब्ल्यू- चलना, बीएन- झुकना, एल- उठाना, केसी- नीलिंग और झुकाव, जेयू- कूदना, पीपी- खींचना और दबाना, एमएफ- उंगली चलाना, आरडब्ल्यू- पढ़ना और लिखना, एसई- देखना, एच -सुनना, सी- कम्यूनिकेशन, ओए- एक हाथ, ओएल- एक पैर, बीएल- दोनों पैर, ओएएल- एक हाथ और एक पैर, बीएलओए- दोनों पैर और एक हाथ, बी- अंधा, एलवी- देखने में कमी, एचएच- सुनने में कमी ।

क्र.सं. (i) से (iv) के पर्यवेक्षकों को निर्माण या मरम्मत काम के लिए ऑनबोर्ड पोत पर, कंपार्टमेंट, टैंक, सीमित स्थानों के अंदर, मैनहॉल, संकीर्ण स्थानों, ऊपर चढने और नीचे उतरने केलिए स्टेजिंग का उपयोग करना, ऊपर चढने और नीचे खडी सीढी के माध्यम से चलने आवश्यकता होती है।

ख) **<u>योग्यता:</u>**

(i) पद केलिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता राज्य/ केन्द्र सरकार/एआईसीटीई/ में उचित सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होना चाहिए।

(ii) जिन उम्मीदवार के पास निर्धारित योग्यताओं में से किसी के समतुल्य योग्यता है वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी तुल्यता प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र के बिना, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं की जाएगी।

(iii) कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान श्रेणी या अंक की प्रतिशतता न देकर कुल ग्रेड पोइन्ट (उदा : सीजीपीए / ओजीपीए/ सीपीआई आदि) देते हैं। विश्वविद्यालय / संस्थान उम्मीदवारों की अंक  सूची में कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और / या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक निर्धारित करने के मामले में वही स्वीकार किया जाएगा। फिर भी जहाँ विश्वविद्यालय / संस्थान कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक नहीं प्रदान की गई है, अपेक्षित अंक की प्रतिशतता प्राप्त करने के लिए कुल ग्रेड पोइन्ट को 10 से गुणा किया जाएगा।

ग) **<u>अनुभव:</u>**

(i) **केवल उपर्युक्त मद 'क' में निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण होने के बाद प्राप्त किए अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। अनुभव की अवधि दि 18 नवंबर 2019 से गिना जाएगा।**

(ii) शिक्षु अधिनियम 1961 के तहत उचित शाखा/ ट्रेड में शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि को अनुभव के रूप में माना जाएगा। पात्रता निर्धारित करने केलिए सीएसएल में उन्नत प्रशिक्षण की अवधि को अनुभव के रूप में माना जाएगा।

(iii) **कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कंपनी या समतुल्य विदेशी कंपनी से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्र मिलने पर ही चयन हेतु चयन प्रक्रिया केलिए सूचीबद्ध करने हेतु विचार किया जाएगा।**

(iv) आवेदक जो वर्तमान रूप में किसी कंपनी (निजी/ सार्वजनिक/ सरकारी) में काम कर रहे हैं, वे अनुभव प्रमाणपत्र के अभाव में, कंपनी द्वारा जारी **नियुक्ति/ नियुक्ति प्रस्ताव पत्र की प्रति, कार्य अनुभव के सबूत के रूप में हाल के वेतन पर्ची /अंतिम आहरित वेतन पर्ची की प्रति प्रस्तुत करना चाहिए। पिछले रोज़गार केलिए, कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्ति की तिथि को सूचित करते हुए अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।** प्रमाणपत्र सत्यापन के समय, उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में बताएं अनुभव को स्थापित करने केलिए <u>सभी मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत किया जाना है, असफल होने पर चरण II केलिए अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>

(v) पंजीकृत कंपनियों के ठेकेदारों (मालिकाना फर्मों और साझेदारी फर्मों) से प्राप्त कार्य अनुभव, ठेकेदार द्वारा जारी प्रमाणपत्र पर मुख्य नियोक्ता के पृष्ठांकन के आधार पर विचार किया जाएगा। ऐसे आवेदकों को अनुभव प्रमाणपत्रों के साथ ईएसआई/ ईपीएफ आदि ब्यौरा जैसे प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। प्रधान नियोक्ता के समर्थन के बिना ठेकेदारों द्वारा जारी किए गए प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) सरकारी विभागों या अर्ध सरकारी या सार्वजनिक संगठनों में काम करनेवाले उम्मीदवारों के मामले में, वे ऑनलाइन आवेदन के साथ नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करें या वैयक्तिक साक्षात्कार के समय नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करें, असफल हो जाए तो उनकी उम्मीदवारी रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी। **यदि "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत नहीं किया गया तो, उन उम्मीदवारों को चरण II में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(vii) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से जुडे उम्मीदवार के मामले में, उन्हें **सशस्त्र बल से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/ बुक/ पेशन भुगतान आदेश की प्रतिलिपि** प्रस्तुत करना है। जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में डिप्लोमा/ एनएसी/एनसीवीटी अनुलेखित किया है, उन्हें सशस्त्र बलों में संबंधित ट्रेड में काम करने का अनुभव होना चाहिए। इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्रमाण के साथ उसी के कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र में समतुल्यता या समर्थन के प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश का संदर्भ लें), अनुभव प्रमाण के रूप में सशस्त्र बलों में उचित ट्रेड/ शाखा में योग्यता और कार्य अनुभव को दर्शाने वाले प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए और प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया के दौरान भी उसे प्रस्तुत करना है। उन्हें संबंधित अधिकारियों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है, जिसके प्रस्तुत करने में चूक होने पर उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(viii) उन भूतपूर्व सैनिकों को, भूतपूर्व सैनिक के रूप में उन्हें दिए गए लाभों का लाभ उठाने के बाद गैर सैनिक पक्ष पर किसी भी सरकारी नौकरी में पुन: रोजगार पर, सरकार में पुन: रोजगार के उद्देश्य केलिए उनकी भूतपूर्व सैनिक स्थिति को डीओपीटी का. ज्ञा.सं.-36034/27/84- स्था (एससीटी) दिनांक 02.05.1985, 36034/6/90-स्था.(एससीटी) दिनांक 02.04.1992 और 36034/1/2014-स्था (एससीटी) दिनांक 14.08.2014 द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। **सभी भूतपूर्व सैनिक इस बात के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ एक वचन पत्र प्रस्तुत करेंगे, कि वे पूर्व सैनिकों केलिए लाभ उठाने के बाद सरकार में फिर से नियोजित नहीं किए गए हैं।**

घ) **आवेदन शुल्क:**

(i) पद केलिए **ऑनलाइन भुगतान विकल्प (डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग) का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से 200/- रुपए (नावापसी, बैंक चार्ज सहित)** का आवेदन शुल्क प्रेषित किया जाना चाहिए, जो **दिनांक 24 अक्तूबर 2019 से 18 नवंबर 2019 तक** प्रयोग किया जा सकता है। भुगतान की अन्य कोई रीति स्वीकार नहीं की जाएगी।

(ii) **अ जा/ अ ज जा/ बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों केलिए कोई आवेदन शुल्क नहीं हैं।** उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई हैं।

(iii) सभी आवेदक जिन्हें आवेदन शुल्क लागू है, अर्थात् अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी व्यक्ति को छोडकर, उपर्युक्त खंड ङ (i) में निर्धारितानुसार भुगतान करना चाहिए। **यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि केवल आवेदन शुल्क की रसीद पर ही उम्मीदवारी पर विचार की जाएगी।**

ङ) **आवेदन कैसे करें:**

(i) ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व **आवेदक हमारे वेबसाइट** www.cochinshipyard.com **(कैरियर पृष्ठ) में दिए यूज़र मैनुवल पढना चाहिए।** आवेदन में दो चरण है- **एक बार पंजीकरण और लागू पद केलिए आवेदन प्रस्तुत करना।** उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन न प्रस्तुत करें। एक बार प्रस्तुत किया आवेदन अंतिम होगा।

(ii) आवेदक, जो अधिसूचित अपेक्षाएं पूरा करते हैं, वे **एसएपी ऑनलाइन पोर्टल में एक बार पंजीकरण और आवेदन प्रस्तुत करना है**। हमारे वेबसाइट www.cochinshipyard.com (कैरियर पृष्ठ) में ऑनलाइन के ज़रिए **दिनांक 24 अक्तूबर 2019 से 18 नवंबर 2019 तक** आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध होगी। **सीधे या अन्य किसी प्रकार में प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।**

(iii) **ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, अशक्तता आदि के सबूत में सभी प्रमाणपत्र और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में अपलॉड करने केलिए सिस्टम में तैयार रखना चाहिए ।**

(iv) उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, अशक्तता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्रों और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन के अंतिम प्रस्तुति के पहले अपलॉड किया है, यदि असफल हो जाए तो, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द की जाएगी।

(v) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियाँ सही रूप में भरा गया है और आवेदन सफल रूप से प्रस्तुत किया गया है। किसी भी भाग में बेकार विवरणों को प्रस्तुत करना आपका आवेदन अस्वीकार करने का कारण बन सकता है।

(vi) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। **कृपया नोट करें कि अपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।**

(vii) **ऑनलाइन के जरिए आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार अपने संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा प्रजनित एकमात्र पंजीकरण संख्या के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का एक सॉफ्ट कॉपी/ प्रिंटआउट लें। इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि ऑनलाइन आवेदन सफल रूप में प्रस्तुत करने पर ही एकमात्र पंजीकरण संख्या प्राप्त**

**किया जाएगा।** ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत संख्या को सीएसएल के साथ पत्राचार के समय दिखाना चाहिए।

(viii) **आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क आदि डाक द्वारा कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अग्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है ।**

(ix) एसएपी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के ज़रिए आवेदन देने केलिए, वेबसाइट **दिनांक** 24 **अक्तूबर** 2019 **से** 18 **नवंबर** 2019 **तक** प्रकार्यात्मक रहेगा। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 **नवंबर** 2019 है। अंतिम तिथि पर वेबसाइट में भारी भीड़ दूर करने केलिए, जो आवेदन की गैर - प्रस्तुति केलिए कारण हो सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सीएसएल वेबसाइट में लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले ही आवेदनों को प्रस्तुत करें। ***आवेदन की अंतिम तिथि पर आवेदन करने वालों को अंतिम तिथि पर 1700 बजे के बाद एसएपी आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता / तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है।***

छ) **सामान्य:**

(i) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी पदों केलिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार योग्यता अपेक्षाएँ रखते हैं।**

(ii) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा :- भूतपूर्व सैनिक वह व्यक्ति है

(क) जिसने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में नियमित या गैर योद्धा के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की है, और

(i) जो या तो सेवानिवृत्त हो गया है या इस तरह की सेवा से अपने स्वयं के अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा अपनी पेंशन अर्जित करने के बाद कार्य मुक्त या सेवा मुक्त राहत हो गया हो; या

(ii) जो अपने नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थिति ों के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त हो गया है और उसे चिकित्सा या अन्य विकलांगता पैंशन से सम्मानित किया गया है; या

(iii) जो स्थापना में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है;

(ख) जो कार्य की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है, अन्यथा उसके अनुरोध पर, या बर्खास्तगी के माध्यम से, या कदाचार या अक्षमता के कारण निर्वहन किया गया है और उसे उपदान दी गई है; और प्रादेशिक सेना के कर्मियों, अर्थात् निरंतर सन्निहित सेवा केलिए पेंशन धारक या अर्हकारी सेवा की खंडित अवधि शामिल है; या

(ग) डाक सेवा सेना के कर्मी जो नियमित सेना के हिस्सा हैं और डाक सेवा सेना से सेवानिवृत्त हैं, पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा से परावर्तन के बिना डाक सेवा सेना के मुक्त कर दिए गए है या उनके नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थितियों के कारण या बढे हुए चिकित्सा आधार पर सेना के डाक सेवा सेना से मुक्त किए जाते हैं या अन्य विकलांगता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; /या

(घ) कार्मिकों, जो दिनांक 14 अप्रैल, 1987 से पहले छह महीने से अधिक समय तक डाक सेवा सेना में प्रतिनियुक्ति पर थे; या

(ङ) प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेताओं; या

(च) पूर्व सैनिक जो चिकित्सा के आधार पर भर्ती या मुक्त किए गए हो और चिकित्सा विकलांगता पेंशन प्राप्त हो।

(iii) शिपयार्ड को उनके ऑनलाइन आवेदन में सूचितानुसार शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के सबूत में उम्मीदवारों से अन्य कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ी सबूत मांगने का अधिकार है, और ऐसे

प्रश्नों की सूचना एवं उत्तर ई-मेल career@cochinshipyard.com द्वारा होना चाहिए । फिर भी, कोचीन शिपयार्ड निर्धारित तिथि एवं समय पर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/ गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । ऐसे प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने पर, उस पर विचार नहीं किया जाएगा, और आगे कोई पत्राचार इस संबंध में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा ।

(iv) उम्मीदवार सत्यापन के दौरान मूल प्रमाणपत्र और अंक सूची प्रस्तुत करने में असफल हो जाए तो उन्हें विवरणात्मक प्रकार की लिखित परीक्षा (चरण - II) केलिए भाग लेने हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी।

(v) वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा केलिए भाग लेने वाले उम्मीदवारों केलिए कोई यात्रा भत्ता नहीं प्रदत्त किया जाएगा। फिर भी चरण II केलिए भाग लेने वाले अजा/ अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को प्रमाण की प्रस्तुति पर अपने ऑनलाइन प्रपत्र में सूचित पते से कोचीन शिपयार्ड की ओर से सबसे छोटे मार्ग केलिए कंपनी के नियमानुसार पद केलिए ग्राह्य आगे- पीछे के रेल के स्लीपर / बस भाड़ा की पूतिपूर्ति की जाएगी। उम्मीदवारों को यात्रा प्रतिपूर्ति दावा करने केलिए खाता संख्या और आईएफएससी कोड के साथ बैंक पासबुक के पहले पृष्ठ की प्रति प्रस्तुत करना है और साक्षात्कार के समय योग्य प्रतिपूर्ति एनईएफटी द्वारा खाते में क्रेडिट की जाएगी। केवल उपर्युक्त विवरण प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को ही यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। फिर भी, चरण II से पहले प्रमाणपत्र सत्यापन के समय, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार किसी भी अधिसूचित पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करता है तो, उसे चरण में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही कोई यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

(vi) अपात्रता के मामले में उम्मीदवारी के निरसन के संबन्ध में पत्राचार पर नहीं विचार किया जाएगा।

(vii) **बुलावा पत्रों को डाक द्वारा योग्य उम्मीदवारों को नहीं भेज दिया जाएगा।** उन्हें ईमेल/ एसएमएस/सीएसएल वेबसाइट www.cochinshipyard.com द्वारा बुलावा पत्र डाउनलॉड करने केलिए सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची एसएमएस/ ईमेल/ सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से लघुसूचीगत आवेदकों को सूचित की जाएगी।

(viii) केवल ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति और वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए प्रवेश पत्र जारी करना उम्मीदवार को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं देगा या पात्रता मानदंड पूरा करने की अभिस्वीकृति के रूप में अनुमान नहीं किया जा सकेगा।

(ix) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति चरित्र व पूर्ववृत्त के सत्यापन और यदि लागू हो, तो जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन होगी।

(x) उम्मीदवार को कंपनी द्वारा निर्धारितानुसार चिकित्सा योग्यता मानकों को पूरा करना है और अच्छा स्वास्थ्य रखना चाहिए। चयनित आवेदकों को अपने खर्च में कंपनी द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा परीक्षा में जाना होगा और सभी उम्मीदवारों की चिकित्सा योग्यता आगे सीएसएल के कंपनी चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित करने के अधीन है।

(xi) सीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक उद्यमों में पहले ही कार्यरत किसी उम्मीदवार के पिछले रोज़गार के वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन अंशदान आदि के कारण किसी देयता को नहीं संभालेगा।

(xii) प्रतीक्षा सूची सभी विषयों हेतु बनाए रखा जाएगा और इसमें शामिल होने की तिथि के भीतर रैंक सूची से कोई उम्मीदवार के शामिल न होने के कारण होनेवाली रिक्तता की स्थिति में संचालित की जाएगी जैसा कि उम्मीदवार को जारी किए गए नियुक्ति के प्रस्ताव में निर्धारित किया गया है या जहाँ एक उम्मीदवार पद से जुड जाता है और सीएसएल में शामिल होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु होने या पद से इस्तीफा दे देता है। प्रतीक्षा सूची की वैधता अवधि, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष तक या नियुक्ति की तिथि से उम्मीदवारों को जारी किए गए नियुक्ति प्रस्ताव में निर्धारित, जो भी पहले हो, जब तक

कि उस पद के लिए नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती है। ऊपर बताई गई रिक्ति को एक ताजा रिक्ति के रूप में नहीं माना जाएगा और इस अधिसूचना के सामने भरे गए पदों की वास्तविक संख्या किसी भी परिस्थिति में इस अधिसूचना में इंगित रिक्तियों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

(xiii) उपरोक्त या किसी अन्य शर्तों के बावजूद कोचीन शिपयार्ड को अधिसूचित रिक्तियां न भरने का भी अधिकार होगा। इसके अलावा अधिसूचित रिक्तियों को भरने हेतु रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन किया जाएगा। कोचीन शिपयार्ड को यदि अपेक्षित है तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने / बदलने/ रद्द करने / परिवर्तन करने का अधिकार है।

(xiv) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो, बिना सूचना के उम्मीदवारी / नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी।

(xv) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबन्ध में किसी वैध कार्रवाई और/अथवा इस संबन्ध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

(xvi) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्तन केवल सीएसएल वेबसाइट में ही दी जाएगी।

(xvii) कोई भी स्पष्टीकरण केलिए, कृपया ई-मेल career@cochinshipyard.com के ज़रिए संपर्क करें।

**च. <u>महत्वपूर्ण तिथियाँ:</u>**

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन का प्रारंभ** | **:** | **24 अक्तूबर 2019** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | **:** | **18 नवंबर 2019** |

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**

**"केवल भारतवासी आवेदन करने की जरूरत है ।"**

**ह/-**
**मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. व प्रशि.)**